# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 11 जुलाई 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री


2 कांवरिया सेवा समिति ने मांगलिक भवन में की कांवर यात्रियों के रूकने व भोजन की व्यवस्था




## खबर संक्षेप

### आज से सावन की होगी शुरूआत



**बैकुण्ठपुर।** श्रावण मास की पावन शुरूआत इस वर्ष 11 जुलाई शुक्रवार से हो रही है। भगवान शिव को समर्पित यह मास श्रद्धा, भक्ति और तपस्या का प्रतीक माना जाता है। सावन की पहली संध्या से ही जिले के मंदिरों में विशेष आरती, झांकी, भजन और रुद्राभिषेक की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों प्रेमाबाग, झुमका और छुरीगढ़ में शिवभक्तों का उत्साह चरम पर है। मंदिरों को आकर्षक सजावट से सजाया गया है और समिति सदस्यों द्वारा विभिन्न धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा भी तय कर दी गई है। प्रेमाबाग के प्राचीन शिव मंदिर में सावन के पहले दिन भव्य श्रृंगार, पंचामृत स्नान और शिव महिम्न स्तोत्र पाठ होगा। मंदिर समिति द्वारा रात्रि भजन संध्या का भी आयोजन किया गया है जिसमें स्थानीय भजन मंडलियां प्रस्तुति देंगी। सावन के तीसरे सोमवार को छुरीगढ़ के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में कांवड़ियों का जत्था पहुंचेगा, जो स्थानीय जलस्त्रोतों से जल लेकर शिवलिंग पर अभिषेक करेंगे।

### गुरु पूर्णिमा पर कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित

**अनूपपुर।** गुरू पूर्णिमा 10 जुलाई के अवसर पर जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में मां सरस्वती वंदना, गुरुजन एवं शिक्षकों का सम्मान तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा गुरू संस्मरण पर संभाषण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित गुरू पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम को लाइव प्रसारण के माध्यम से देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य, शिक्षक, सेवानिवृत्त शिक्षक, पूर्व विद्यार्थी एवं आमजन उपस्थित रहे।

### कैरियर काउंसिलिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला

**अनूपपुर।** पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय तुलसी कॉलेज अनूपपुर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा एवं केके मेमोरियल समिति शाहपुर जिला उमरिया के द्वारा कैरियर काउंसिलिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन तुलसी महाविद्यालय के विज्ञान भवन के सभागार में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अजय श्रीवास्तव और श्री नामदेव और डॉ. सुशील सिंघल विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और कैरियर काउंसिलिंग पर छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित कर कैरियर से संबंधित उनकी समस्याओ का समाधान कर मार्गदर्शन।

### बीएलओ प्रशिक्षण का अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**अनूपपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के सुधार एवं बूथ लेवर ऑफिसर्स की शंकाओं का समाधान करने के उद्देश्य से जिले में सभी बीएलओ के प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। इसीक्रम में 86-कोतमा विधानसभा के बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) का प्रशिक्षण 10 जुलाई को शासकीय मॉडल स्कूल कोतमा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण कर जायजा लिया और बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण में 202 बीएलओ एवं 20 बीएलओ सुपरवाईजर को मास्टर ट्रेनर्स डॉ. कौशलेन्द्र सिंह, अजय सिंह चौहान, डीआर बांधव, आरके मिश्रा, विजय तिवारी, संतोष सक्सेना, यूके तिवारी, सुधीर जैन, रामजी पटेल, राजमणि पाण्डेय, बीके विश्वकर्मा, केके गौतम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

## बारिश के मौसम में ज्यादा सामने आती है घटनाएं

**तड़ित चालक लगाने की मांग**

# आकाशीय बिजली के लिए डेंजर जोन है सोनहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मानसूनी सीजन में आसमान से केवल बारिश ही नहीं होती बल्कि आकाशीय बिजली का भी कहर बरसता है। कोरिया जिले में प्रतिवर्ष आकाशीय बिजली से जनधन की भी हानि होती है। जिले के सोनहत ब्लाक में आकाशीय बिजली गिरने की घटना अधिक होती है। इसी क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत लटमा मानसूनी सीजन में आकाशीय बिजली गिरने के मामले में खतरनाक क्षेत्र बन गया है।

कोरिया जिले में वैसे तो प्रतिवर्ष बरसात के सीजन में मानसून आने साथ बारिश ही नहीं बल्कि आसमान से बरसती बिजली का खौफ भी लाता है, लेकिन जिले के सोनहत ब्लाक का कई क्षेत्र बरसात के दिनों में आकाशीय बिजली गिरने की ज्यादा घटनाएं होती है। सोनहत ब्लाक का ग्राम लटमा में प्रतिवर्ष आकाशीय बिजली गिरने की घटना होती है, जो लटमा गांव की भौगोलिक स्थिति और संभवतः यहां के विभिन्न वायुमंडलीय हालात ग्राम लटमा में आकाशीय बिजली के लिए एक असामान्य रूप से संवेदनशील क्षेत्र बनाते हैं। प्रतिवर्ष मानसूनी सीजन में यहां के निवासियों के लिए बादलों की गड़गड़ाहट सिर्फ मौसम के बदलाव का नहीं बल्कि जीवन के लिए खतरे की घंटी भी बजाता है। ऐसे में ग्राम लटमा क्षेत्र के लोगों को बरसात के सीजन में आकाशीय बिजली के कहर से बचने के लिए कौन-कौन से उपाय अपनाना चाहिए और कौन सी लापरवाही नहीं करनी चाहिए, इसे लेकर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है, ताकि यहां के लोग बारिश के दिनों में बादलों के गड़गड़ाहट के बीच आकाशीय बिजली से अपना बचाव कर सके। साथ ही तड़ति चालक लगाए जाने की मांग भी ग्रामीणों द्वारा की जा रही है।



आकाशीय बिजली की चपेट में आया पेड़।

### बज्रपात से पेड़ के दो फाड़

बीते दिनों ग्राम लटमा में शाम ढलने के बाद जब तेज बारिश हो रही थी, इसी दौरान गांव के किनारे एक खेत में स्थित महुआ के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरी, इससे पुराना महुआ का पेड़ का एक हिस्सा गिरकर दो फाड हो गया। वहीं जिस जगह से वज्रपात हुआ, उस जगह से पेड़ के नीचले हिस्से के चारो ओर पेड़ की छाल छिलकर निकल गया। यह तो खुश किस्मती थी कि घटना शाम ढलने के बाद हुई, अन्यथा खेत में काम करने वाले लोग इसकी चपेट में आ जाते।

### बैकुंठपुर में कई टीवी हुए खराब

बीते दिवस आकाशीय बिजली की चपेट में आने से शहर में करीब 100 की संख्या में टीव्ही, एलसीडी खराब हुए थे। एकाएक तेज बिजली चमकने से टीव्ही खराब होने की संख्या बढ़ी थी। नगर पालिका काम्प्लेक्स स्थित इलेक्ट्रानिक दुकान के संचालक गुड्डा ने बताया कि बारिश के मौसम में टीव्ही उड़ने की शिकायत ज्यादा आते हैं, आकाशीय बिजली की चपेट में आने से ये उपकरण जल जाते हैं।



अधिवक्ता संघ की बैठक लेते न्यायाधीश।

# डीजे ने अधिवक्ता संघ की ली बैठक

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यस्थता एवं सुलाह परामर्श समिति (एमसीपीसी) नई दिल्ली के मार्गदर्शन में तथा छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश /जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष शैलेश कुमार तिवारी ने मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान के अंतर्गत न्यायालय में लंबित प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण के लिए अधिवक्ता संघ बैकुंठपुर के साथ बैठक ली।

एसओपी के अनुसार मध्यस्थता के माध्यम से लंबित प्रकरणों के निराकरण किए जाने के लिए 90 दिवस का समय-सीमा निर्धारित किया गया है। राष्ट्र के लिए 1 जुलाई से 7 अक्टूबर तक अभियान चलाया जाना है। प्रधान जिला न्यायाधीश शैलेश कुमार तिवारी ने बैठक में कहा कि मध्यस्थता एक वैकल्पिक विवाद समाधान की प्रकिया है, जो न्यायिक प्रक्रिया से अलग है, जिसमें एक तीसरे स्वतंत्र व्यक्ति मध्यस्थ दो पक्षों के बीच अपने सहयोग से उनके समान हितों के लिए एक समझौते पर सहमत होने के लिए उन्हें तैयार करता है। जिसमें पक्षकार अपनी सहमती से लंबित प्रकरणों को सौहाद्रपूर्ण निपटा सकते हैं। मध्यस्थता के माध्यम से दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, ऋण वसूली, बेदखली संपत्ति विभाजन, भूमि अधिकरण सहित अन्य सिविल मामले एवं राजिनामा योग्य आपराधिक मामलों का निपटारा संभव है। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश ने मध्यस्थता कार्रवाई में आने वाली समस्याओं के संबंध में अधिवक्तागण से चर्चा किया और अधिक से अधिक न्यायालय में लंबित प्रकरणों को मध्यस्थता के माध्यम से निराकरण किए जाने का अपील किया। अधिवक्ता संघ के द्वारा उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए पर्याप्त सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया।

उक्त बैठक में विशेष न्यायाधीश बैकुंठपुर आशीष पाठक, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर कुजूर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बीपी मोहंती, सचिव मृत्युंजय तिवारी, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी, समस्त अधिवक्ता एवं लीगल डिफेंस सिस्टम के चीफ अजय सिंह, डिप्टी एवं असिस्टेंट उपस्थित रहे।

# शिक्षकों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए गुणवत्ता सुधार के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में एकलव्य आदर्श आवासी विद्यालय, घूघरा (सोनहत) में शिक्षकों की गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछली परीक्षाओं में छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों का आंकलन करते हुए कलेक्टर ने शिक्षकों से वर्तमान शैक्षणिक सत्र की कार्ययोजना की जानकारी ली।

- एकलव्य विद्यालय घुघरा में शिक्षण गतिविधियों पर हुई विस्तार से चर्चा

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि छात्रों की सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने के लिए शिक्षण में नवीन तकनीकों जैसे ऑडियो, वीडियो और मैपिंग का उपयोग किया जाए। विषयवार चर्चा के दौरान उन्होंने सभी शिक्षकों को अपने पढ़ाने के स्तर में नवाचार लाने और बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी जैसे होते हैं, उन्हें जिस माहौल में ढाला जाएगा, वे वैसा ही बनेंगे। इसलिए उन्हें सकारात्मक और सृजनात्मक वातावरण देना आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों से अंग्रेजी में संवाद करें और उन्हें अंग्रेजी बोलने का अभ्यास कराएं। बैठक में कलेक्टर ने जिले के कुछ प्रेरणादायक शिक्षकों का उदाहरण देते हुए बताया कि थोड़ी सी अतिरिक्त मेहनत और समझदारी से कैसे छात्रों के मनोबल को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का भ्रमण कर शिक्षण वातावरण एवं प्रबंधन की शैली से प्रेरणा लेने की सलाह दी। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक अपनी समस्याएं जिला प्रशासन के समक्ष रखें, उनका समाधान किया जाएगा, लेकिन अच्छे परिणाम देने की जिम्मेदारी शिक्षकों की है। उन्होंने जानकारी दी कि विद्यालय में शीघ्र ही स्मार्ट बोर्ड लगाए जाएंगे, छात्रावासों में सोलर पंप और एग्जॉस्ट फैन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक के उपरांत कलेक्टर ने 10 वीं और 12 वीं कक्षा के छात्रों से संवाद कर उनकी पढ़ाई को लेकर चर्चा की। उन्होंने छात्रों को 100 प्रतिशत लक्ष्य लेकर समूह अध्ययन करने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने बालक एवं बालिका छात्रावासों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य जांच, भोजन व्यवस्था और वातावरण को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ऊषा लकरा, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, एसडीएम सोनहत राकेश साहू, जनपद सीईओ सोनहत, विद्यालय प्राचार्य वीके सिंह आदि उपस्थित रहे।



बच्चों से बातचीत करती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।



भोजन की गुणवत्ता देखती कलेक्टर।

### जिले में अब तक 297.3 मिमी वर्षा दर्ज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में मानसून ने जोर पकड़ लिया है और लगातार हो रही बारिश से खेतों में हरियाली की उम्मीदें प्रबल हो गई हैं। भू-अभिलेख विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले में औसत 1.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि भरतपुर तहसील में अब तक की सर्वाधिक 366.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून से 9 जुलाई तक जिले में कुल औसत 297.3 मिमी वर्षा भू-अभिलेख शाखा द्वारा दर्ज की गई है, जो खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल मानी जा रही है। भू-अभिलेख शाखा के अनुसार तहसीलवार वर्षा की बात करें तो मनेन्द्रगढ़ में 246.1 मिमी, खड़गवां में 295.9 मिमी, चिरमिरी में 335.7 मिमी, केल्हारी में 213.2 मिमी, भरतपुर में 366.7 मिमी और कोटाडोल में 326.1 मिमी बारिश दर्ज की गई है ।

### नेशनल हाईवे-43 पर गिरा विशाल पेड़...



मनेन्द्रगढ़। लगातार बारिश के चलते नेशनल हाइवे क्रमांक 43 पर गुरूवार को एक विशालकाय पेड़ अचानक गिर पड़ा, इससे सड़क पर यातायात बाधित हो गया है। पेड़ के गिरने से वहां से गुजर रही बिजली लाइन भी टूट गई, इससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है और बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार पेड़ गिरने के बावजूद वाहनों का आना-जाना जारी था, इससे कभी भी कोई गंभीर हादसा हो सकता था। आश्चर्य की बात यह है कि घटना की सूचना मिलने के बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी काफी देर तक मौके पर नहीं पहुंचे।

# ग्रामीण की बाड़ी में लगे 11 गांजे के पौधे जब्त

**मनेन्द्रगढ़।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने गांजा तस्करी और अवैध खेती पर कड़ा रूख अपनाते हुए ग्राम पंचायत सिरौली में एक बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस ने एक ग्रामीण के मकान से लगे बाड़ी में अवैध रूप से उगाए गए 11 नग गांजे के पौधे जब्त किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम सिरौली निवासी एक व्यक्ति अपने मकान के पास स्थित बाड़ी में गांजे के पौधे उगा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मनेन्द्रगढ़ कोतवाली की टीम मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। तलाशी के दौरान बाड़ी में उगाए गए गांजे के 11 पौधे बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। गांजे के पौधों को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र में नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान की एक अहम कड़ी मानी जा रही है।

## जिला प्रशासन ने किया निराकरण

# जनदर्शन से भुनेश्वर को मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में एक और आमजन को राहत मिली। ग्राम चिल्का, तहसील बैकुंठपुर निवासी भुनेश्वर सिंह पिता स्व. रामऔतार, जाति गोंड ने जनदर्शन में आवेदन देकर राजस्व अभिलेखों में सुधार की मांग की थी, इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन द्वारा उचित निराकरण किया गया।

आवेदक ने जानकारी दी कि ग्राम चिल्का स्थित खसरा नंबर 40, 46, 50, 53, 60, 64, 105, 119, 226 कुल रकबा 3.1000 हेक्टेयर भूमि उनके एवं उनकी माता स्व. कौशिल्या के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज थी। उनकी माता कौशिल्या का 27 अप्रैल को निधन हो गया, जिसकी सूचना व मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उन्होंने राजस्व अभिलेखों से उनकी माता का नाम विलोपित करने के लिए तहसीलदार बैकुंठपुर के समक्ष आवेदन दिया था। हालांकि, हल्का पटवारी द्वारा 3 जून को जांच प्रतिवेदन व पंचनामा प्रस्तुत कर दिया गया था, फिर भी अभिलेखों में संशोधन न होने के कारण श्री सिंह को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति से खाद-बीज तथा केसीसी का लाभ नहीं मिल पा रहा था। समिति द्वारा सहखातेदार की सहमति पत्र की मांग की जा रही थी, जो स्वाभाविक रूप से प्रस्तुत किया जाना संभव नहीं था।

- 3 जून को जांच प्रतिवेदन व पंचनामा प्रस्तुत किया था

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर बैकुंठपुर तहसीलदार श्रीमती अमृता सिंह को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए गए। तत्पश्चात राजस्व अभिलेखों को दुरुस्त किया गया, तहसीलदार उनके घर पहुंचकर दुरुस्त राजस्व अभिलेख को उपलब्ध कराया, जिससे अब श्री सिंह को भूमि संबंधी लाभ व कृषिगत योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

## समय परिवर्तन से पढ़ाई होगी प्रभावित, छोटे बच्चे होंगे परेशान

# आत्मानंद महलपारा में जगह नहीं, दो पाली में स्कूल संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय महलपारा में पढ़ने वाले प्राथमिक स्तर कक्षा 1 से 5 वीं के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय समय में बदलाव किया गया है।

विद्यालय प्रबंधन के सूचना अनुसार 10 जुलाई से कक्षाएं प्रत्येक दिन सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक संचालित की जा रही हैं। यह निर्णय हिन्दी मीडियम के बच्चों के लिए भवन की व्यवस्था नहीं होने के लिए लिया गया है, बताया जा रहा है कि जर्जर भवन में खुले हिन्दी मीडियम स्कूल का छज्जा बीते दिवस गिर गया है, जिसकी वजह से एक पॉली में स्कूल संचालित कर पाना संभव नहीं है, विद्यालय प्रबंधन ने इसकी जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों को दे दी है। वहीं अभिभावकों का कहना है कि इतनी सुबह छोटे बच्चों को स्कूल भेजना काफी कठिन हो गया है, खासकर मानसून सीजन में। इसके अलावा समय कम होने से बच्चों का पढ़ाई भी काफी प्रभावित होगा। कई पालकों ने स्कूल प्रबंधन और जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी से अपील किया है कि या तो विद्यालय भवन का विस्तार किया जाए, या फिर हिन्दी मीडियम के प्राथमिक खंड के लिए अलग भवन की व्यवस्था विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाए।

हालांकि विद्यालय प्रबंधन की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि पिछले सत्र से हिंदी माध्यम शाखा की शुरूआत के बाद विद्यालय में कक्षाओं की संख्या बढ़ गई है, और उपयुक्त भवन व्यवस्था उपलब्ध नहीं होने के कारण यह निर्णय लेना पड़ा है। एक शिफ्ट में सभी कक्षाएं संचालित कर पाना मुश्किल हो रहा है।




### हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए शिविर आज तक

**बलरामपुर।** जिला परिवहन अधिकारी यशवंत यादव ने बताया है कि जिले के 2019 से पहले के पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगवाने हेतु फॉर्म भरने के लिए परिवहन विभाग द्वारा 09 से 11 जुलाई को जिला परिवहन कार्यालय बलरामपुर, तहसील कार्यालय शंकरगढ़, तहसील कार्यालय रामानुजगंज, तहसील कार्यालय वाड्रफनगर एवं एस.आर. परिवहन सुविधा केन्द्र राजपुर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए वाहन का पंजीयन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर लाना आवश्यक है। इसके लिए शुल्क भी निर्धारित किया गया है। दो पहिया वाहन के लिए 466 रुपये, तीन पहिया वाहनों के लिए 528 रुपये, चार पहिया वाहनों के लिए 757 रुपये तथा भारी माल वाहनों के लिए 806 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है।

## खबर संक्षेप



### जनपद सभाकक्ष में मनाया गया पंचायत दिवस

**कुसमी।** जनपद सभाकक्ष में आज पंचायत सचिव दिवस का आयोजन सचिव संघ द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष बसंती भगत,जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी कहा कि सचिव के बिना ग्राम पंचायत के विकास की परिकल्पना नहीं कि जा सकतीं, सचिव ही ऐसा है जिसे पंचायत के सभी व्यक्ति की जानकारी रहती है। शासन की समस्त योजना को धरातल पर विकास कार्य करने में सराहनीय योगदान होता है। हम सभी को मिलकर जनपद पंचायत को अग्रणी बनाने में भरपूर कोशिश रहेगी। सचिव परिवार संघ के साथ के साथ पंचायत दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक पांडेय ने कहा कि जिन सचिव का वेतन किसी भी कारण से रुके हुए हैं उन्हें संबंधित लिपिक संदीप सिन्हा को तत्काल बनाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान संतोष राम, राजेश्वर गुप्ता, पारस पाल, देवसाय भगत, धनीराम भगत, महेश बुनकर सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन संजय पैकरा द्वारा किया गया।

### मोंटफोर्ट स्कूल के स्काउट और गाइड विद्यार्थियों ने किया पौध रोपण



**अम्बिकापुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार एक पेड़ माँ के नाम थीम अंतर्गत जिले में आज वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मैनपाट स्थित बायो डायवर्सिटी पार्क में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के सभी कैबिनेट मंत्री, जिला प्रशासन के अधिकारी तथा वन विभाग के सभी उच्चाधिकारी उपस्थित रहे। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ सरगुजा के सीनियर रोवर्स ने सक्रिय सहभागिता करते हुए पौध रोपण किया। आज मोंटफोर्ट स्कूल के स्काउट और गाइड विद्यार्थियों ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए विद्यार्थियों ने अन्य विद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर सहयोग दिया।

### पूर्व मंत्री को हिरासत में लेना लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन : परवेज आलम

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी,अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने एक प्रेम विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इन दिनों किसान खाद-बीज की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। खेती-किसानी पर निर्भर राज्य के अन्नदाता दिन-प्रतिदिन लंबी कतारों, कालाबाजारी के शोषण का शिकार हो रहे हैं। इस गंभीर और संवेदनशील मुद्दे को लेकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की इच्छा जताई थी, ताकि किसानों की समस्याओं को सीधे सरकार के समक्ष रखा जा सके। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह रही कि एक जनप्रतिनिधि और किसानों के हितों की आवाज़ को सुनने के बजाय, पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें मिलने से पहले ही हिरासत में ले लिया गया। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का उल्लंघन है, बल्कि किसानों की आवाज़ को दबाने का शर्मनाक प्रयास भी है।

### गिरने से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सुन्दरपुर निवासी जगदीश कोरवा आ. चैतू कोरवा (45 वर्ष) 3 जुलाई की सुबह घर के आंगन में फिसल कर गिर गया था जिससे सिर में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गत दिन घायल की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर शहर के निजी अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### नदी पार करने के दौरान घुनघुट्टा नदी में बहा ग्रामीण

अम्बिकापुर। विकासखण्ड लखनपुर अंतर्गत ग्राम पुहपुटरा मं उफनती घुनघुट्टा नदी को पैदल पार करने के दौरान एक ग्रामीण नदी के तेज धार में बह गया। सूचना पर पहुंचे परिजन ने नदी के आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। थक-हारकर परिजन ने उसके लापता होने की रिपोर्ट लखनपुर थाने में दर्ज कराई है। लखनपुर पुलिस के अनुसार पुहपुटरा निवासी बलिराम गोंड़ मंगलवार को अराह्न 1 बजे घुनघुट्टा नदी पार कर कृष्णपुर दर्रीपरा निवासी अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इस दौरान नदी का बहाव तेज होने के कारण वे बह गए।

## पूरे सावन 24 घंटे कांवर यात्रियों के लिए खुला रहेगा मांगलिक भवन

# कांवरिया सेवा समिति ने मांगलिक भवन में की कांवर यात्रियों के रूकने व भोजन की व्यवस्था



पहले जत्थे का स्वागत करते समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाने वाली कावड़ यात्रियों के निशुल्क रुकने एवं भोजन की व्यवस्था नगर के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित मांगलिक भवन में कांवरिया सेवा समिति द्वारा किया गया है। समिति प्रमुख एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल की उपस्थिति में विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ आज शुभारंभ हुआ। कांवरियों का पहला जत्था पेंड्रा एवं कोटा से पहुंचा था। कावड़ यात्रियों ने रामानुजगंज में रुकने एवं भोजन की बेहतर व्यवस्था साफ सफाई की जमकर सराहना की।

**खास बात**

- पेंड्रा एवं कोटा से पहुंचा पहली कांवरियों की टोली

गौरतलब है कि शुक्रवार से श्रावण मास प्रारंभ होने वाला है उसके पूर्व से ही श्रद्धालुओं का जत्था बाबा बैजनाथ धाम जाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के कावड़ यात्री भी इसी रास्ते से झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जाते हैं। विगत कुछ वर्षों से नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के मार्गदर्शन में कांवरिया सेवा समिति के माध्यम से नगर में कावड़ यात्रियो के रूकने एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था प्रारंभ की गई। मांगलिक भवन को कावड़ यात्रियों के रूकने एवं भोजन की व्यवस्था के पूर्व साफ सुथरा एवं सुसज्जित किया गया है जो पूरे सावन मास में 24 घंटे कावड़ यात्रियों के लिए खुला रहेगा। मंगलवार की देर शाम पुजारी विनय पांडे द्वारा विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भोजन सेवा का शुभारंभ कराया गया। यह निशुल्क सेवा पूरे श्रावण मास यहां चलेगी।

**कैसे पहुंचे मांगलिक भवन**

अंबिकापुर से 110 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रामानुजगंज अंबिकापुर मुख्य मार्ग के अग्रसेन चौक से 500 मीटर की दूरी पर मांगलिक भवन स्थित है। यहां पहुंचने का रास्ता बिल्कुल सीधा है। कांवरिया सेवा समिति द्वारा भवन से 500 मीटर पहले से ही संकेतक लगा दिए गए हैं।

**रुक सकते हैं एक साथ 300 से अधिक लोग**

मांगलिक भवन में पर्याप्त पार्किंग के साथ-साथ ऐसी व्यवस्था की गई है कि यहां 300 से अधिक लोग एक समय में एक साथ रुक सकते हैं। कांवड़ यात्रियों के लिए 10 बड़े कमरे एवं एक बड़ा हाल हमेशा उपलब्ध रहता है।

**सेवा के लिए तत्पर पर रामानुजगंज**

कांवरिया सेवा समिति द्वारा निशुल्क भोजन एवं रुकने की व्यवस्था मांगलिक भवन में की गई है जहां सेवा करने के लिए नगरवासी 24 घंटे तत्पर रहते हैं। प्रतिदिन अलग-अलग समूह के लोग सेवा के लिए सुबह से ही जुट जाते हैं। देर रात तक यहां सेवा के लिए श्रद्धालुओं का समर्पण और तत्परता देखा जा सकता है।

### 20 वर्षों से जारी है बाबा धाम की यात्रा, इस वर्ष भी जत्था निकाल सावन के पहले दिन चढ़ाएंगे जल

**अम्बिकापुर।** नगर के बिलासपुर रोड से बाबा 11 समिति के सदस्यों द्वारा लगातार 20 वर्षों से सावन के महीने में बाबा धाम की यात्रा जारी है। इस वर्ष भी सावन शुरू होने से पहले ही श्रद्धालुओं का जत्था बाबा धाम की यात्रा के लिए बुधवार को निकला। सावन के पहले दिन श्रद्धालुओं का यह जत्था बाबा धाम में भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करेंगे। बता दें कि बाबा 11 समिति के सदस्य प्रतिवर्ष सावन के पहले ही बाबा धाम देवघर के लिए रवाना हो जाते हैं। यह सिलसिला 20 वर्षों से अनवरत जारी है। इस वर्ष सावन 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसे लेकर समिति के श्रद्धालु बुधवार को बाबा धाम यात्रा के लिए रवाना हुए।



रवाना होने से पहले श्रद्धालु सबसे पहले मां महामाया मंदिर में पूजा अर्चना किए। श्रद्धालुओं में जयशंकर साहू, गांधी पासवान, अविनाश तिवारी, वीर यादव सहित अन्य मौजूद थे। सावन के पहले दिन भगवान भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के बाद यह जत्था वापस होगा।

## एप के माध्यम से पैसे कमाने का लालच देकर 20 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बलरामपुर जिले की चलगली पुलिस ने अधिक पैसा कमाने का झांसा देकर ऑनलाइन एप के माध्यम से ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने लोगों से 20 लाख रुपए से अधिक की ठगी की है। पुलिस ने आरोपी को महाराष्ट्र के नागपुर से गिरफ्तार किया है।

- पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर से आरोपी को किया गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार एन्टो फागस्टा ऐप के प्रमोटरो-संचालकों द्वारा मार्च से सितंबर 2024 के मध्य चलगली क्षेत्र में अधिक पैसा कमाने का लालच देकर अनेकों ग्रामीणों से ऑनलाइन एप के माध्यम से रुपए लगवाए। आरोपियों ने सिर्फ चलगली क्षेत्र में ही 20 लाख 81 हजार 827 रूपए की ठगी की गई। ठगी के शिकायत की जांच की पुष्टि के बाद पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 318(4), 319 (2) BNS व आईटी एक्ट की धारा 66(डी) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपियों ने ग्रामीणों को एप के प्रकार प्रसार के लिए कुछ मोबाइल नम्बर से वाट्सएप कॉल से फोन कर पैसा लगाने का झांसा दिया। ऐसे में एसपी वैभव बैंकर, एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी एसडीओपी रामअवतार ध्रुव के निर्देशन में पुलिस ने मोबाइल नम्बर के आधार पर आरोपियों की तलाश की। इस दौरान महाराष्ट्र के नागपुर से आरोपी परितोष मन्ना को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने परितोष कंस्ट्रक्शन फर्म नाम से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक व आईडीबीआई बैंक में खाता खोलवाकर उन खातों में ग्रामीणों का पैसा प्राप्त कर ठगी की। पुलिस की जांच में खातों से लाखों रुपए के लेनदेन की पुष्टि भी हुई है।

पुलिस ने मामले में आरोपी मूलतः पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदनीपुर कोलाघाट कोलागछिया निवासी 42 वर्षीय परितोष मन्ना आ. नीतई मन्ना को महाराष्ट्र के नागपुर प्रेमनगर से गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी चलगली बीएल भारद्वाज, आरक्षक संजय जायसवाल, राजकिशोर पैकरा, राजकुमार सिंह सक्रिय रहे।

## मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**सूरजपुर।** शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई में मत्स्य बीज उत्पादन कार्य का निरीक्षण कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू द्वारा किया गया। सहायक संचालक मछली पालन एमएस सोनवानी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले को प्राप्त लक्ष्य स्पान उत्पादन 400 लाख एवं स्टैण्डर्ड फ्राई उत्पादन 80 लाख से अवगत कराया गया। इसके विरुद्ध में वर्तमान तक 120 लाख स्पान उत्पादन, प्राप्त कर लिया गया है और आगे भी कार्य जारी है। कलेक्टर द्वारा मत्स्य बीज उत्पादन हैचरी, स्पॉनिंग पूल, इनक्यूबेशन पूल, प्रजनक पोखर, संवर्धन पोखरों का अवलोकन कर स्पॉन, फ्राई, फिंगरलिंग की उपलब्धि के संबंध में जानकारी ली। सहायक संचालक ने बताया कि जिले के मछुआ सहकारी समिति, मछुआ समूह एवं व्यक्तिगत मत्स्य कृषकों को माह अगस्त के प्रथम सप्ताह में 50 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीज फिंगरलिंग वितरण करना प्रारंभ कर दिया जाएगा।

- उत्पादन कार्य का किया अवलोकन

शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना के तहत पंचायत के तालाबों को 10 वर्षीय लीज पर पट्टे में लेकर मछली व्यवसाय करने वाले महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़े सदस्यों के साथ कलेक्टर द्वारा चर्चा किया गया। जहां समूह के सदस्यों ने मौसमी तालाबों में मछली का उत्पादन कम एवं आमदनी 2 हजार रूपए होना बताया गया जो कि काफी कम है। तालाब डबरियों में कतला, रोहू, मृगल, ग्रास कार्प, कामन कार्प मछलियों के वृद्धि हेतु कम से कम 1 से 1.50 किलो होने पर ही बाजार में विक्रय करें।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत पोण्ड लाईनर निर्माण कर पंगेशियस एवं तिलापिया प्रजाति का पालन कर मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु प्रेरित किया गया। संगता सहभागी ग्रामीण विकास संस्थान को निर्देशित करते हुए कम से कम 100 किसानों को आजीविका गतिविधि से जोड़कर नारी शक्ति को बढ़ावा देने मत्स्य पालन को व्यवसायिक स्तर तक ले जाने तथा अपने पास जो संसाधन है उसको और बेहतर कैसे करें जिससे अधिक से अधिक कृषकों लाभान्वित कर सकें। इसकी कार्ययोजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिपं सीईओ द्वारा जानकारी दी गई कि मनरेगा योजनान्तर्गत चयनित 981 डबरियां एवं मोर गांव मोर पानी के तहत निर्मित 90 जल संरचना और अमृत सरोवर तालाबों में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ-साथ तालाब/डबरियों के मेढ़ पर सब्जी एवं फलदार पौधे लगाने हेतु कार्य योजना तैयार किया जाएगा। संगता सहभागी ग्रामीण विकास संस्थान के फाउण्डर भूपेन्द्र बहादूर सिंह एवं नेचुरल फार्मिंग जल जीवन मिशन से सौरभ देवदत्त द्वारा जानकारी दी गई कि विकासखण्ड प्रतापपुर में 391 भैयाथान में 175 एवं ओड़गी में 134 डबरियों का मत्स्य उत्पादन बढ़ाने हेतु चिन्हांकित किया गया है। इस दौरान रामलाल मरावी, मनोज सिंह, गौतम राजवाड़े, शिवनारायण यादव, श्रीमती माधुरी भण्डारी, सुधाकर बिसेन, मुकेश कुमार राजवाड़े, छोटेलाल तिर्की, सतीष तिग्गा सहित अन्य मौजूद रहे।

## अनोखी सोच द्वारा असहाय परिवार के व्यक्ति का कराया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



अनोखी सोच एक समाज सेवी संस्था जो मानवीय संवेदनाओं एवं मूल्यों को निभाने में अग्रणी रहती है। संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों ने आज एक निर्धन व्यक्ति का दाह संस्कार शंकर घाट स्थित मुक्तिधाम में सम्पन्न कराया।

विदित हो कि महामायापारा निवासी बंटी कश्यप (35 वर्ष) की मृत्यु बीती रात तालाब में डूबने से हो गई। उनके पिता का स्व. देवानंद कश्यप का देहांत 2 माह पूर्व ही हुआ है। परिवार अति निर्धन एवं असहाय है और दाह संस्कार करने में भी सक्षम नहीं है। मृतक बंटी कश्यप की भाभी द्वारा अंतिम संस्कार हेतु संस्था के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश साहू से सम्पर्क किया गया। सामाजिक सरोकार में अग्रणी भूमिका निभाने वाले सूर्य प्रकाश साहू के साथ में अनोखी सोच के सदस्यों ने आवश्यक सामग्री जुटाकर पूरे विधि- विधान से मृतात्मा का दाह संस्कार शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में सम्पन्न करा के संवेदनशीलता, दयालुता का उदाहरण प्रस्तुत किया। मृत देह को मुखाग्नि उनके 10 वर्षीय भतीजे आदित्य द्वारा किया गया।

विदित हो कि 2 माह पूर्व आदित्य ने अपने स्व. दादा एवं 2 साल पूर्व अपने पिता को भी मुखाग्नि दी थी। इस परिवार को अब संभालने की पूर्ण जिम्मेदारी अब 10 वर्षीय आदित्य के मासूम कंधों पर ही है। जिसे देखते हुए अनोखी सोच संस्था द्वारा आगे भी इस परिवार के जीवन-यापन से सम्बंधित सभी जिम्मेदारियों को पूरा किया जाएगा। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश साहू के साथ पंकज चौधरी, मोती ताम्रकार, राकेश शुक्ला, विजय बंसल, चंद्रप्रताप सिंह, भोला रक्सेल, संजू चटर्जी, मुकेश सोनी, सुनील साहू, रुपेश बेहरा, समित मुंडा, लालजी साहू, विशाल साहू, देव साहू, निशांत, नीरज, नितेश, कार्तिक, पंकज, उदय साहू, रमेश साहू, प्रदीप साहू, सोनू मुदलियार, विकास साहू, बनाफर, गजानंद साहू, गुड्डू, भक्कू मुंडा, सूरज साहू, अविनाश साहू, सचिन, संदीप दास, सौरभ दास, मनोज अग्रवाल, संजय साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मवेशी तस्करी कर रहा युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे, वाहन छोड़ भागे तीन आरोपी

**प्रतापपुर।** मवेशी तस्करी कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि तीन चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गए। पुलिस ने 3 लाख 60 हजार कीमत के मवेशी व 18 लाख कीमत के वाहन जब्त किया है।



अवैध कार्यो पर पूर्णतः अंकुश लगाने के निर्देश पर क्षेत्र में गश्त कर रहे चंदौरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भटगांव की ओर से तीन पिकअप एवं एक कार से बड़ी संख्या में ठुस-ठुसकर मवेशी भर कर बनारस मार्ग से झारखंड की ओर जा रहे है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल नाकाबंदी की। इसी बीच पुलिस की नाकाबंदी देखकर कार चालक गुड्डु उर्फ सइद खान व उसके साथी तीनों पिकअप वाहन को घुमाकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर महान नदी के उपर घाट के पास कार चालक गुड्डु उर्फ सईद खान को पकड़ा जबकि उसका साथी तथा तीनों पिकअप चालक गाड़ी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पिकअप वाहनों की तलाशी लेने पर प्रत्येक पिकअप में 6-6 नग कुल 18मवेशी लोड़ पाया गया।

## प्राचार्य के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन



**प्रतापपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था प्रतापपुर में प्राचार्य द्वारा छात्रों के साथ अभद्रता व्यवहार करने पर आज एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को धमकी देने की बात सामने आई थी और आदिवासी छात्र-छात्राओं को संस्था से बाहर निकाला गया था। जिसे लेकर एनएसयूआई जिला सचिव दिलशाद अंसारी द्वारा ज्ञापन सौंपा। साथ ही प्राचार्य के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की गई है। कार्रवाई नहीं की जाने पर एनएसयूआई ने धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान देवेंद्र पैकरा, आशी यादव, दिव्या यादव, अंजली सिंह, राजीव रवि, सुरेखा, सुषमा, साक्षी, राजू पैकरा, रितु नायक, मनीष धुर्वे, अनीता, सरस्वती, अनिला, रीता पोया, हरिकेश, संगीता सहित अन्य छात्र उपस्थित थे।

## श्रमिक संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

# बिश्रामपुर-भटगांव खदानों में राष्ट्रव्यापी हड़ताल का दिखा मिलाजुला असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों एवं चार श्रम कोड बिल के खिलाफ बुधवार 9 जुलाई को संयुक्त मोर्चा द्वारा कोयला उद्योग में बुलाए गए एक दिवसीय हड़ताल का एसईसीएल में मिला जुला असर दिखा।संयुक्त मोर्चा की यूनियनों के अनुसार एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल में एसईसीएल के लगभग 80% प्रतिशत कोल कर्मचारियों ने ड्यूटी से अनुपस्थित रहकर हड़ताल को सफल बनाया है।

एसकेएमएस एटक के महासचिव अजय विश्वकर्मा, एसईकेएमसी इंटक के अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह तथा सीटू के महासचिव वीएम मनोहर ने सयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि केंद्र की सरकार द्वारा कोरोना काल के समय जब पूरा देश लगभग रुक सा गया था, ऐसे में केंद्र की सरकार ने गहमागहमी के दौरान 4 श्रम कोड बिल पास कराया,यह 4 कोड बिल देश के श्रमिकों के ऊपर बहुत बड़ा हमला है।देश की आजादी के पहले और बाद में देश के मेहनतकशों ने लड़ते हुए अपना बलिदान देकर 44 श्रम कानून बनवाये थे, यह सरकार 29 श्रम कानून को रद्द कर उद्योगपतियों को ज्यादा से ज्यादा मुनाफा मिले, इसके लिए 4 श्रम कोड बिल बनाया है। तीनो नेताओं ने बताया कि देश के सभी ट्रेड यूनियन फेडरेशन ने संयुक्त रूप से मिलकर एसईसीएल सहित कोल इंडिया में एक दिवसीय हड़ताल की है,एसईसीएल में करीब 80 प्रतिशत कर्मचारी के हड़ताल में होने से कोयला उत्पादन में व्यापक असर हुआ है। संयुक्त मोर्चा ने केंद्र सरकार से मांग किया है कि देश के सरकारी कारखानों, संस्थाओं का निजीकरण करना सरकार बंद करे। मेडिकल अनफिट से रोक हटाई जाये,भू विस्थापितों को उचित मुआवजा त्वरित नौकरी तथा विस्थापन की ठोस व्यवस्था हो, एसईसीएल में भ्रष्टाचार पर रोक लगे, ठेका श्रमिकों को हाई पवार का वेतन भुगतान हो, महंगाई पर रोक लगे, न्यूनतम मजदूरी 26 हजार तय हो,ठेकेदारी प्रथा खत्म कर ठेका कर्मचारियों को नियमित करना, बुनियादी अधिकारों की सुरक्षा वेतन में बढ़ोतरी करना, कोल कर्मचारी परिवार की सुरक्षा तथा प्रबंधन की दमनकारी शोषणकारी कार्यवाही समाप्त होनी चाहिए।




गायत्री खदान के मुख्य द्वार पर नारेबाजी करते संगठन पदाधिकारी।



सड़क पर प्रदर्शन करते श्रमिक।

**पहली पाली में सामान्य दिनों के मुकाबले आधे कामगार ही पहुंचे**

एक दिवसीय हड़ताल का एसईसीएल में मिलजुला असर बताया गया है।पूरे एसईसीएल क्षेत्रों में सामान्य दिनों के मुकाबले 51 प्रतिशत मजदूर काम पर पहुंचे।एसईसीएल कंपनी प्रबंधन ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि सुबह की पाली और जनरल शिफ्ट में उपस्थिति करीब 51 प्रतिशत रही,दूसरी पाली में उपस्थिति तथा खदानों का कार्य संचालन सामान्य रहा।एसईसीएल की कुल 20 खुली खदानों में से 15 खदाने सामान्य रूप से संचालित रही, वहीं चार खदान आंशिक रूप से प्रभावित रहीं।भूमिगत खदानों में अपेक्षित रूप से असर देखा गया, यहां 37 भूमिगत खदानों में 28 खदानों में सामान्य रूप से कार्य हुआ जो कि आंशिक रूप से प्रभावित दिखी।गौरतलब है कि एसईसीएल का अधिकतम उत्पादन खुली खदानों के जरिए होता है। बिश्रामपुर और भटगांव में कोल उत्पादन पर आंशिक असर राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बिश्रामपुर और भटगांव में उत्पादन पर आंशिक रूप से असर दिखा।



# बड़े बाल और दाढ़ी वाले लुक में नजर आए बॉबी

**मुंबई।** अपने अलग-अलग किरदारों और लुक्स से लोगों को चौंकाने वाले बॉबी देओल इन दिनों पवन कल्याण की फिल्म हरि हर वीरमल्लु में औरंगजेब के अपने किरदार को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस बीच अब बॉबी देओल की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं। ये तस्वीरें किसी फिल्म के सेट की हैं। इन तस्वीरों में बॉबी देओल लंबे बालों और दाढ़ी-मूछ वाले लुक में नजर आ रहे हैं। वायरल तस्वीरों में बॉबी पर्पल कलर के आउटफिट में दिख रहे हैं। जिसमें वो शर्ट के साथ लॉन्ग जैकेट डाले हुए हैं। इन तस्वीरों में बॉबी देओल हाथों में कड़े के साथ कुछ धागे और बैंड जैसे पहने भी दिख रहे हैं।

## लाइफ Style



# कियारा

## वॉर-2 को लेकर उत्साहित, नहीं हो रहा इंतजार

ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की फिल्म 'वॉर 2' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म को लेकर दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है और पहली बार जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन का पर्दे पर क्लैश देखने के लिए दर्शक खासा उत्साहित हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। जिसके बाद अभिनेता ऋतिक रोशन ने फिल्म की शूटिंग पूरे होने पर फिल्म के अपने अनुभवों को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया था। इसमें उन्होंने अपने को-एक्टर्स जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी का भी जिक्र किया था। अब अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने भी फिल्म को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया है और फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर एक पोस्ट शेयर किया है। कियारा ने अपने एक्स अकाउंट पर ऋतिक की पोस्ट को ही री-शेयर किया है। इसके साथ ही कियारा ने लिखा, उत्साह दोनों का एक जैसा ही है ऋतिक। आपके साथ स्क्रीन शेयर करना एक यादगार अनुभव रहा, जिसे कभी भूला नहीं जा सकता। आदी सर, तारक और हमारी शानदार टीम ने जो अद्भुत तैयार किया है, उसे लोगों के सामने लाने का इंतजार नहीं हो रहा। अपनी इस पोस्ट में कियारा ने ऋतिक और जूनियर एनटीआर को मेंशन भी किया है। इससे पहले ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर केक काटते हुए एक फोटो शेयर की थी। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म से जुड़े अपने अनुभवों को साझा करते हुए एक खास नोट भी लिखा था।

## हॉलीवुड मसाला



# जुरासिक वर्ल्ड... दर्शकों को आ रही पसंद

**मुंबई।** जुरासिक पार्क सीरीज की फ्रैंचाइज फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ'का क्रेज भारतीय दर्शकों के बीच भी देखा जा रहा है। पिछले पांच दिनों में इस फिल्म ने हालिया रिलीज बॉलीवुड फिल्मों से अच्छा कलेक्शन किया है। फिल्म ने 5वें दिन 2.77 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन भी 45.87 करोड़ रुपए हो चुका है। फिल्म ने पहले दिन भी लगभग 9.25 करोड़ रुपए से अपना खाता खोला था। वीकएंड पर तो इस फिल्म ने जबरदस्त कमाई की। शनिवार को 13.5 करोड़ रुपए और रविवार को 16.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।




# जूलिया की तस्वीरें देख दीवाना हुए फैन...

**लॉस एंजिल्स।** सिनमाई पर्दे के नए 'मैन ऑफ स्टील' डेविड कोरेंसवेट चर्चा में हैं। वह 'सुपरमैन' बनकर शुक्रवार, 11 जुलाई को सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने की तैयारी कर रहे हैं। जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी के इस फिल्म का लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में प्रीमियर हुआ। इस दौरान, जहां एक ओर चर्चा फिल्म और इसी कास्ट की थी, वहीं हर किसी की नजर डेविड कोरेंसवेट की पत्नी जूलिया बेस्ट वार्नर पर टिकी हुई थी। जूलिया की खूबसूरती, उनकी मुस्कान, पूरे प्रीमियर के दौरान चर्चा में रही। सोशल मीडिया पर हर फिल्मी फैन की जुबान पर अब इसी हसीना का नाम है। डेविड कोरेंसवेट की तरह ही जूलिया भी एक्ट्रेस हैं। दोनों की पहली पेंसिल्वेनिया में एक थिएटर कार्यक्रम में हुई थी। तब दोनों ही हाई स्कूल में थे।




# शेयर की द वाइब्स की मुहूर्त की तस्वीर


**मुंबई।** बुधवार को मौनी रॉय ने मधुर भंडारकर के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर इसलिए खास है क्योंकि इसमें मौनी अपने हाथ में द वाइब्स के मुहूर्त का क्लैप बोर्ड पकड़े नजर आ रही हैं। इंस्टाग्राम पर मौनी रॉय ने अपनी खास तस्वीर निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर के साथ शेयर की है। इस तस्वीर में मौनी ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस में अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। वहीं मधुर भंडारकर सिंपल अंदाज में चेहरे पर मुस्कान बिखेरते नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के साथ मौनी ने कैप्शन में लिखा, 'इस नई फिल्म के पहले दिन को लेकर मैं सचमुच उत्साहित हूं, और खुद उस्ताद के साथ इसे बनाने के लिए आभारी हूं। मौनी और मधुर की इस शानदार शुरुआत को लेकर निर्माता-निर्देशक एकता कपूर ने लाल दिल वाले इमोजी बनाई हैं।



# एक साथ करेंगे काम इमरान और हिमेश

**मुंबई।** हिमेश रेशमिया और इमरान हाशमी की जोड़ी ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन गाने और थ्रिलर फिल्में दीं हैं। अब यह जोड़ी एक बार फिर 'गनमास्टर जी9' में साथ में काम करने को तैयार हैं। फिल्म के निर्माताओं ने बुधवार को इसका टीजर रिलीज किया है। इस खबर से फैंस उत्साहित हैं। फिल्म निर्माता दीपक मुकुट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक रहस्यमई हाथ एक दूध भरी बाल्टी से निकलता है। इस दौरान इमरान हाशमी कहते हैं। 'मुझसे मचमच किया तो चलेगा। गलती से परिवार को छुआ तो याद रखना। धंधे से दूध वाला हूं, बंदा बारूद वाला हूं।' इस वीडियो के कैप्शन में लिखा है 'दूध से बारूद तक, सब्जी से गुंडा तक, गोली से पीटने तक, गनमास्टर जी9 तबाही के लिए तैयार है।

## टीवी मसाला



# फुलेरा के प्रधान पर पत्नी ने लगाए गंभीर आरोप...

**नई दिल्ली।** रघुबीर यादव को 'पंचायत' ने वो दिया है, जो उन्हें उनके 40 साल के कॅरियर में नहीं मिला...और वो है घर-घर पहचान। आज हर कोई रघुबीर यादव को उनके किसी फिल्मी किरदार से ज्यादा प्रधान जी के नाम से जानता है। रघुबीर यादव के कॅरियर और फिल्मों के बारे में तो लगभग सभी जानते हैं। वह एक एक्टर ही नहीं, बल्कि सिंगर, म्यूजिक कंपोजर और डायरेक्टर भी हैं। पर उनकी निजी जिंदगी भी खूब सुर्खियों में रही है। रघुबीर यादव पर एक बार पत्नी ने संजय मिश्रा की पत्नी संग अफेयर और 14 साल का बेटा होने के आरोप लगाए थे। बाद में उनका तलाक हो गया। रघुबीर यादव ने साल 1988 में पूर्णिमा खरगा से शादी की थी, जोकि एक इंटरनेशनल कथक डांसर रही है। पूर्णिमा ने रघुबीर यादव पर एक्स्ट्रा-मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया था। यही नहीं, पूर्णिमा ने यह भी दावा किया था कि रघुबीर यादव का एक्ट्रेस नंदिता दास के साथ भी चक्कर चल रहा है। पूर्णिमा ने साल 2020 में एक इंटरव्यू में पति रघुबीर यादव पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। पूर्णिमा ने कहा था कि रघुबीर का एक्टर संजय मिश्रा की पत्नी रोशनी अचरेजा के साथ अफेयर चल रहा है। रोशनी और अचरेजा का 14 साल का एक बेटा भी है। पूर्णिमा के मुताबिक, गोरेगांव शिफ्ट होने के बाद रघुबीर यादव उसी बिल्डिंग में रहने लगे थे, जिसमें संजय मिश्रा रहते थे। रघुबीर यादव अकसर ही संजय के घर जाते और उनकी रोशनी अचरेजा से दोस्ती हो गई।

## सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 की रिलीज डेट बदली

**नई दिल्ली।** हाल ही में अभिनेता केके मेनन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह जानकारी दे रहे हैं कि तय तारीख पर सीरीज 'स्पेशल ऑप्स 2' का प्रीमियर नहीं होगा। अब 'स्पेशल ऑप्स 2' 11 जुलाई की बजाय 18 जुलाई को रिलीज होगा। कुछ चीजें हमारे कंट्रोल में नहीं होती है, इसलिए हमें यह फैसला लेना पड़ा है। मगर दर्शकों को एक साथ ही सभी एपिसोड देखने को मिलेंगे। यह सीरीज जीयोहॉटस्टार पर स्ट्रीम की जाएगी। स्पेशल ऑप्स 2 में भी स्पेशल एजेंट हिम्मत सिंह अपनी टीम के साथ आतंकवादियों का मुकाबला करेगा। इस बार इंटरनेशनल लेवल का मिशन हिम्मत सिंह हैंडल करेगा। नीरज पांडे निर्देशित इस सीरीज में इस बार साउथ के पॉपुलर एक्टर प्रकाश राज भी नजर आएंगे। प्रकाश राज, केके मेनन के अलावा इस सीरीज में करण टैकर, फारुक अली भी नजर आएंगे। ये भी सीरीज में स्पेशल एजेंट्स के रोल में नजर आएंगे। इस सीरीज के पहले सीजन को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।



# गुरु दत्त के 100वें जन्मदिन का जश्न

## आईएफएफएम करेगा भारत में विशेष फिल्म स्क्रीनिंग

**नई दिल्ली।** मेलबर्न में होने वाले भारतीय फिल्म महोत्सव 2025 में गुरु दत्त की दो मशहूर फिल्में- प्यासा और कागज के फूल की विशेष स्क्रीनिंग होगी। यह आयोजन भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम युग को श्रद्धांजलि देने का हिस्सा है।
आईएफएफएम की निदेशक मीतू भौमिक लांगे ने कहा, गुरु दत्त की फिल्में न केवल क्लासिक हैं, बल्कि भारतीय सिनेमा की आत्मा को दर्शाती हैं। हम उनकी प्रतिभा को नए दर्शकों तक पहुंचाना चाहते हैं।



**गुरु दत्त की फिल्मों का खास प्रदर्शन :** खासतौर पर भारत में 8 से 10 अगस्त तक अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा गुरु दत्त की फिल्मों का विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें प्यासा के 4के रीस्टोर्ड संस्करण के साथ आर पार, चौदहवीं का चांद, मिस्टर एंड मिसेज 55, और बाज जैसी फिल्में शामिल होंगी। ये फिल्में एनएफडीसी-एनएफएआई द्वारा सावधानी से रीस्टोर की गई हैं, ताकि उनकी खूबसूरती और भावनाएं बरकरार रहें।

### धरोहर को संरक्षित करना है उद्देश्य

अल्ट्रा मीडिया के सीईओ सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा, 'हमें गर्व है कि हम गुरु दत्त की कालजयी फिल्मों को बड़े पर्दे पर फिर से पेश कर रहे हैं।' एनएफडीसी के निदेशक प्रकाश मगदुम ने बताया कि यह प्रयास राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारतीय सिनेमा की धरोहर को संरक्षित करना है। गुरु दत्त की फिल्में, जैसे साहिब बीबी और गुलाम और सांझ और सवेरा, आज भी दर्शकों को प्रेरित करती हैं।

# सिद्धांत और तृप्ति की फिल्म धड़क 2 का पोस्टर हुआ जारी

**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की बहुप्रतीक्षित फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर जल्द ही आने वाला है। फिल्म के मेकर्स ने इसका ऐलान बुधवार को किया है। इस फिल्म का निर्देशन शाजिया इकबाल कर रही हैं। यह फिल्म साल 2018 में आई फिल्म धड़क का रीमेक है। फिल्म को राहुल बडवेल्कर के साथ मिलकर शाजिया इकबाल ने लिखा है। फिल्म निर्माताओं ने बताया है कि धड़क 2 का ट्रेलर 11 जुलाई को रिलीज होगा। मेकर्स ने सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की नई फिल्म के पोस्टर का अनावरण भी किया है। पोस्टर पर लिखा हुआ है 'मरने और लड़ने में से एक को चुनना हो तो लड़ना। इसके बाद लिखा है ट्रेलर इस शुक्रवार को आएगा। पोस्टर में फिल्म की रिलीज की तारीफ भी बताई गई है। यह फिल्म साल 2018 में आई ईशान खट्टर की फिल्म 'धड़क' की रीमेक है। जो साल 2016 में रिलीज हुई मराठी फिल्म सैराट की सीक्वल थी। इसका निर्देशन नागराज मंजुले ने किया था। बताया जाता है कि हाल ही में 16 कट के बाद धड़क 2 को यूए सर्टिफिकेट मिला है। फिल्म में गालियों को म्यूट किया गया है और सवर्ण शब्द के इस्तेमाल को हटा दिया गया है।





## 'द हंट - द राजीव गांधी असेसिनेशन केस' रिलीज के बाद से बनी हुई है चर्चाओं में

# राजनीतिक घटनाक्रमों पर आधारित हैं ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। नागेश कुकुनूर की हालिया रिलीज वेब सीरीज 'द हंट - द राजीव गांधी असेसिनेशन केस'अपनी रिलीज के बाद से लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्याकांड पर आधारित इस सीरीज को समीक्षकों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। हालांकि, 'द हंट - द राजीव गांधी असेसिनेशन केस'से पहले भी राजीव गांधी हत्याकांड समेत कई राजनीतिक मुद्दों पर फिल्में व सीरीज बन चुकी हैं।*

**मद्रास कैफे :** शूजित सरकार द्वारा निर्देशित 'मद्रास कैफे'भी राजीव गांधी के हत्याकांड पर ही आधारित है। 2013 में आई इस फिल्म में जॉन अब्राहम और नरगिस फाकरी ने प्रमुख भूमिका निभाई है। फिल्म में 1980 के दशक के अंत और 1990 के दशक की शुरुआत में श्रीलंका के गृहयुद्ध में भारतीय हस्तक्षेप और भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के समय की कहानी को दिखाया गया है।

**इमरजेंसी :** कंगना रनौत द्वारा निर्देशित और उनकी मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'इमरजेंसी' 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में लगाई गई इमरजेंसी पर आधारित है। फिल्म में इमरजेंसी से पहले और बाद के राजनीतिक घटनाक्रमों को दिखाया गया है। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर पाई थी। फिल्म में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, सतीश कौशिक और मिलिंद सोमण प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।




**केसरी 2 :** इसी साल रिलीज हुई अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे की फिल्म 'केसरी 2' जलियांवाला बाग कांड पर आधारित है। इस फिल्म में 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग गोली कांड को दिखाया गया है। जो देश के इतिहास का सबसे बड़ा नरसंहार है। फिल्म में शंकरन नायर की अंग्रेजों के खिलाफ कानूनी लड़ाई को दिखाया गया है।

**ग्रहण :** त्य व्यास की किताब चौरासी पर आधारित वेब सीरीज ग्रहण में भी 1994 में हुए सिख दंगों को दिखाया गया है। जियो हॉटस्टार पर मौजूद इस सीरीज में एक परिवार की कहानी को दिखाया गया है। जो 84 के दंगों में पीड़ित होते हैं और उसके बाद उनके परिवार पर क्या असर पड़ता है, ये सब इस सीरीज में देखने को मिलता है।

***जोगी :*** *दिलजीत दोसांझ की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'जोगी' इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए 1984 के सिख दंगों पर आधारित है। फिल्म की शुरुआत 31 अक्टूबर 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के साथ होती है। इसके बाद फिल्म में दिल्ली और देश के अलग-अलग हिस्सों में हुए दंगों की कहानी को दिखाया गया। फिल्म दिल्ली के त्रिलोकपुरी में रहने वाले सिखों पर इस दंगे से पड़ने वाले प्रभाव पर आधारित है। कैसे वो इन दंगों से बचते हैं। इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने निर्देशित किया है। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।*

***31 अक्टूबर :*** *2016 में आई फिल्म '31 अक्टूबर' भी इंदिरा गांधी की हत्या और उसके बाद देश में हुई घटनाओं को दिखाती है। फिल्म में सोहा अली खान और वीर दास प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का केंद्र सिख दंगों पर है। फिल्म में वीर दास ने एक सिख की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन शिवाजी लोटन पाटिल ने किया है।*

खबर संक्षेप

## एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण



**बैकुण्ठपुर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान मातृभूमि और प्रकृति के प्रति सम्मान और समर्पण का प्रतीक है। इसीक्रम में शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के प्रांगण में एनसीसी टूप के कैडेट्स और विद्यालय स्टाफ द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल के नेतृत्व में किया गया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान में भाग लेकर हम अपनी मां के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बना सकते हैं। कार्यक्रम कमान अधिकारी कर्नल सेन्थिल कुमार एस, 1 छग बटालियन कोरबा के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक आरपी शुक्ला, राजीव जायसवाल, आरएस गुप्ता, प्रभात मिश्रा, नाजिमा खातून, ममता पांडेय आदि मौजूद रहे।

## 3.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 3.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र अनूपपुर में 2.4, जैतहरी में 3, वेंकटनगर में 1, पुष्पराजगढ़ में 12.4, अमरकंटक में 1 तथा बेनीबारी में 8.6 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वषार्मापी केन्द्र कोतमा तथा बिजुरी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

## नवागढ़ तालाब में डूबने से युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** महामाया पारा निवासी विशाल उर्फ बंटी कश्यप आ. स्व. सुशील कश्यप (35 वर्ष) गत दिन दोस्त के साथ निकला था जिसके बाद वापस नहीं लौटा। आज सुबह मोहल्ले स्थित नवागढ़ नवा तालाब में युवक का शव मिला। बताया जा रहा है कि युवक कुछ दिनों से ज्यादा शराब पी रहा था। परिजन सहित पुलिस ने अंदेशा जताया है कि युवक नशे की हालत में तालाब में गिर गया जिससे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## खेत जाने निकले युवक की चौथे दिन नाले में मिली लाश

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर पंडरीपानी निवासी 35 वर्षीय युवक लल्लू राम आत्मज सजन राम का शव आज बुधवार को बेलसोता नाले में पड़ा हूआ मिला।ग्रामीणों की सूचना पर जयनगर पुलिस ने मामले में शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मर्ग कायम किया है।बताया गया कि अभी चार दिनों पूर्व हो रहे तेज बारिश के दौरान नदी नाले उफान पर थे,उसी दौरान राजापुर निवासी युवक लल्लू राम अपने घर से खेत जाने कहकर निकला था, तब से वह लापता हो गया था ,परिजन उसकी पता तलाश में जुटे थे, तभी बुधवार को उसका शव बेलसोता नाला में पड़ा हूआ देखा गया। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

## पेट दर्द की दवा समझ वृद्ध ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** पेट दर्द की दवा की जगह वृद्ध ने कीटनाशक पी लिया। परिजन वृद्ध को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत गणेशपुर मोड रामनगर निवासी रूपचंद हाजरा (82 वर्ष) 8 जून की सुबह लगभग 9.30 बजे उल्टी कर रहा था। इसी दौरान परिजन ने पूछताछ की तो वृद्ध ने पेट दर्द की दवा पीने की बात बताई। इधर कीटनाशक की गंध आने पर परिजन उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### व्यापारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# भूपेन्द्र क्लब से हटाए गए दुकानदारों ने पुनर्वास की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

भूपेन्द्र क्लब परिसर से हटाए गए प्रभावित दुकानदारों ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपने पुर्नवास की मांग की। दुकानदारों ने आग्रह किया कि उन्हें नगर के भीतर स्थित खाली शासकीय दुकानों में जल्द से जल्द स्थानांतरित किया जाए, ताकि वे फिर से अपने व्यवसाय की शुरूआत कर सकें और परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

ज्ञापन में बताया गया है कि 8 जून 2025 को नगर पालिका प्रशासन द्वारा भूपेन्द्र क्लब की जमीन पर स्थित करीब 50 वर्षों से चल रही पुरानी दुकानों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। यह कार्रवाई बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए की गई, जिससे दर्जनों दुकानदार और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। प्रभावित दुकानदार कुलदीप विश्वकर्मा ने बताया कि 50 साल से भी अधिक समय से मेरा परिवार यहीं दुकान से गुजर-बसर करता आया है। अचानक सब कुछ उजड़ गया। अब रोजगार का कोई साधन नहीं बचा है। हम किराया देकर भी सरकारी दुकान में बैठने को तैयार हैं, बस रोजी-रोटी की राह बहाल हो जाए। मेहीलाल गुप्ता ने कहा कि बुजुर्ग हूं, दूसरा कोई सहारा नहीं है। हमारी मांग बस इतनी है कि सब्जी मंडी या स्टेशन रोड में जो दुकानें खाली हैं, वहां हमें जगह दी जाए ताकि फिर से काम शुरू कर सकें। इस दौरान कुलदीप विश्वकर्मा, मेहीलाल गुप्ता, बल विंदर सिंह, राजेश विश्वकर्मा, बालमुकुंद सोनी समेत अन्य प्रभावित मौजूद रहे।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते दुकानदार

### ज्ञापन की मुख्य मांगे

ज्ञापन में निम्न प्रमुख बिंदुओं पर प्रशासन का ध्यानाकर्षित किया गया है। इसमें नगर पालिका की सब्जी मंडी और स्टेशन रोड में स्थित करीब 20 शासकीय दुकानें रिक्त हैं, जहां उन्हें प्राथमिकता के आधार पर व्यवस्थापन किया जाए। जनपद पंचायत की भी कुछ दुकानें खाली हैं, जो पुर्नवास के लिए उपयुक्त हो सकती हैं। दुकानदारों ने स्पष्ट किया कि वे सरकार द्वारा निर्धारित किराया चुकाने को पूर्णतः तैयार हैं। साथ ही यह मांग भी रखी गई कि जब भविष्य में भूपेन्द्र क्लब की भूमि पर पुनः नगर पालिका द्वारा दुकानें निर्मित की जाएं, तो प्रभावित दुकानदारों को प्राथमिकता देते हुए लागत मूल्य पर दुकानें उपलब्ध कराई जाएं।

# स्वास्थ्य सेवाएं और कृषि कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभिन्न विभागों की योजनावार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और प्रभावी रूप से पहुंचे, इसके लिए निरंतर निगरानी और जमीनी क्रियान्वयन आवश्यक है। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय निकाय, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति व जनजाति विकास, श्रम, पशुपालन एवं कृषि विभाग सहित विभिन्न योजनाओं की सिलसिलेवार समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि जिले के 154 जनजातीय ग्रामों का चयन किया गया है, जहां रह रहे परिवारों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 15 जुलाई तक सभी गैप्स को भरने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को आयरन टेबलेट व आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयरन सिरप पिलाने की व्यवस्था की जाए और सिकलसेल, टीबी जांच तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने बुजुर्गों एवं मानसिक रोगियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर, मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाओं की उपलब्धता और सांप काटने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटीवेनम वैक्सीन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।




बैठक लेती कलेक्टर।

### नालियों का कराएं नियमित सफाई

कलेक्टर ने तीनों नगरीय निकायों के अधिकारियों से कहा है कि नियमित रूप से नालियों का सफाई कराएं व व्यवस्था का निरीक्षण भी करें, मोहल्ले व कॉलोनियों में कीटनाशक व मच्छर मारने की दवा का छिड़काव भी करें। कृषि, मार्कफेड और बीज निगम के अधिकारियों को किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध कराने तथा उन्हें धान की जगह दलहन-तिलहन फसलें लगाने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। साथ ही, दलहन- तिलहन फसलों के लाभ की जानकारी भी किसानों को देने के निर्देश दिए गए।

# नारायण से ऊपर है गुरु का दर्जा

- श्रीराम मंदिर में उत्साह पूर्वक मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**मनेन्द्रगढ़।** गुरू पूर्णिमा का पावन पर्व समाज को सत्य, सेवा और ज्ञान के मार्ग पर ले जाने वाले महापुरुषों एवं गुरुओं के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने का अवसर है। इस पावन अवसर पर नगर के श्रीराम मंदिर मनेन्द्रगढ़ में परंपरागत ढंग से गुरू पूजन महोत्सव का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। सैकड़ों श्रद्धालु श्रद्धा एवं आस्था के साथ मंदिर परिसर में उपस्थित हुए और श्रीराम मंदिर के महंत एवं पूज्य गुरुदेव पंडित ओम नारायण द्विवेदी का विधिवत पूजन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंदिर परिसर गुरू भक्ति और जयकारों से गूंज उठा। पूजन उपरांत साधको एवं भजन मंडली द्वारा संगीतमय भजन-संकीर्तन प्रस्तुत किया गया। इसमें श्रद्धालु भाव-विभोर होकर शामिल हुए। भक्तिरस से सराबोर यह आयोजन दिनभर चलता रहा।



पंडित ओम नारायण

### भंडारा व प्रसाद वितरण

गुरु पूजन के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें काफी संख्या में गुरु भाईयों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रेम, समर्पण और सेवा की भावना से भरा यह आयोजन अत्यंत सफल और भावपूर्ण रहा। पंडित ओम नारायण द्विवेदी ने कहा कि सनातन धर्म में गुरू का स्थान देवता से भी ऊपर माना गया है। गुरू ही वह ज्योति है जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर मोक्ष का मार्ग दिखाती है। उन्होंने गुरू परंपरा पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कई प्रेरणादायी उदाहरण भी प्रस्तुत किए। आज गुरुपूर्णिमा के इस पावन पर्व पर हम उन महापुरूषों को स्मरण करते हैं, जिन्होंने अपने ज्ञान, तप, सेवा और मार्गदर्शन से हमारे जीवन को दिशा दी। श्री द्विवेदी ने कहा कि गुरू केवल शिक्षक नहीं, वह जीवन निर्माता हैं। वो हमें केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाते, बल्कि संस्कार, चरित्र और धर्म का ज्ञान देते हैं।

## पुटू बीनने गए बुजुर्ग पर भालू ने किया हमला, गंभीर

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र लखनपुर अंतर्गत अरगोती जंगल में पुटू, खुखड़ी संग्रह करने गए बुजुर्ग पर भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। भालू के हमले में गंभीर बुजुर्ग का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। ग्राम ढोढ़ाकेसरा निवासी सोमारू संता पिता बनिया संवता (61 वर्ष) मंगलवार को दोपहर अरगोती जंगल में पुटू, खुखड़ी लेने गया था। वह जंगल में घूम-घूमकर पुटू एकत्र कर रहा था। इसी दौरान भालू ने उस पर हमला कर दिया। भालू ने वृद्ध पर पंजे से उसके सिर, हाथ-पैर पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में लहुलुहान वृद्ध काफी देर तक शोर मचाया तो भालू जंगल की ओर भागा।

# आदिवासी विकास को समाजशास्त्री दृष्टिकोण से देखना जरुरी

**मनेन्द्रगढ़।** आदिवासियों के विकास को समाजशास्त्री दृष्टिकोण से देखना आज की आवश्यकता है। आदिवासियों को यदि हम पुरातन परिवेश में आज भी देखना चाहेंगे तब यह उनके साथ अन्याय होगा। समय के अनुसार अब यह बदलाव का दृष्टिकोण धीरे-धीरे आंदोलन का रूप ले रहा है। मैं साहित्यकारों एवं समाज सेवी विद्वानों से भी इस विषय पर सहयोग की अपेक्षा रखता हूं।

उक्ताशय के विचार देश के ख्याति प्राप्त साहित्यकार एवं छग वनमाली सृजन पीठ बिलासपुर के अध्यक्ष सतीश जायसवाल ने निदान सभागार में वनमाली सृजन केन्द्र मनेन्द्रगढ़ द्वारा आयोजित परिचर्चा में व्यक्त किए। भाषा पर राजनीति को उन्होंने दुखद बताया। उन्होंने कहा कि भाषा को साहित्य के लिए रहने दिया जाए। प्रेमचंद का साहित्य भाषा का मोहताज नहीं,उनकी कहानी उर्दू और हिंदी भाषा में लिखने के बाद भी सभी भाषाओं में सम्मान पा रही है। वनमाली सृजन केन्द्र कोरिया के संयोजक एवं कार्यक्रम संचालक बीरेन्द्र श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उपस्थित साहित्यकारों से सतीश जायसवाल को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करने का अपील किया। कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए संचालक द्वारा सतीश जायसवाल की जीवन यात्रा एवं उपलब्धियां के बारे में बताया कि कई पुस्तकों के लेखन के साथ ही बख्शी सृजन पीठ भिलाई के अध्यक्ष एवं छग राज्य के वसुंधरा सम्मान से सम्मानित किए जा चुके हैं।




### सतीश साहित्यकार या पत्रकार

विषय पर आयोजित परिचर्चा में सर्वप्रथम पत्रकार में प्रशांत तिवारी एवं राजेश सिन्हा ने भागीदारी करते हुए चर्चा में सतीश जायसवाल के पत्रकारिता एवं जीवन की उपलब्धियों से जुड़े कई प्रश्न उठाए,उनके प्रश्नों का समाधान करते हुए सतीश ने कहा कि पत्रकारिता से प्रारंभ अपने जीवन के बीच मैने अपनी साहित्यिक कलम को हमेशा जिंदा रखा। तत्कालीन धर्मयुग, साप्ताहिक हिंदुस्तान, हंस, जैसी प्रतिष्ठित पत्रिका से प्रारंभ मेरी साहित्य की यात्रा वर्तमान साहित्यिक पत्रिकाएं वागर्थ, समकालीन भारतीय साहित्य, जैसी पत्रिकाओं में स्थान पाती रही है।

# इंग्लिश मीडियम स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव



**मनेन्द्रगढ़।** विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) अजय कुमार मिश्रा ने की। दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती इंद्रा सेंगर, नपा उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, पार्षद अजय जायसवाल, जनप्रतिनिधि सरजू यादव सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। डीईओ श्री मिश्रा ने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल ने लगातार तीन वर्षों से हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं में राज्य की टॉप 10 सूची में स्थान प्राप्त किया है। यह विद्यालय की कड़ी मेहनत, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है। पार्षद अजय जायसवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने छात्र जीवन की प्रेरणादायक स्मृतियां साझा की और सभी को समर्पण, अनुशासन व परिश्रम का महत्व समझाया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से डीईओ श्री मिश्रा, नपा उपाध्यक्ष पटवा, पार्षद जायसवाल और अन्य अतिथियों के करकमलों से श्रुति मंगतानी को 5100 रूपए का प्रोत्साहन चेक व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका पूनम सोरेन और शिक्षक राकेश मिश्रा ने किया।

# डीजल चोर गिरोह ने ढाबा संचालक पर किया हमला

**सीतापुर।** नगर समेत क्षेत्र में बढ़ते असामाजिक गतिविधियों से आम लोगो का जीना दूभर हो गया है। कार्रवाई के अभाव में असामाजिक तत्वों का हौसला दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। ऐसा ही एक मामला ग्राम बलामपुर में सामने आया है जहां डीजल चोर गिरोह ने ढाबा संचालक पर इसलिए जानलेवा हमला कर दिया क्योकि वो डीजल चोर गिरोह को अपने ढाबा के सामने खड़ी गाड़ियों से डीजल चोरी करने से मना करता था। जिससे नाराज होकर डीजल चोर गिरोह ने इस घटना को अंजाम दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार नेशनल हाईवे क्रमांक 43 में ग्राम बलामपुर के पास 45 वर्षीय ललित यादव आ. मनीराम यादव ढाबा का संचालन करता है। हमेशा की तरह मंगलवार को भी ढाबा संचालक ललित यादव अपने ढाबा में बैठा हुआ था। रात आठ बजे करीब आठ-दस की संख्या में डीजल चोर गिरोह के सदस्य ढाबा में पहुंचे और ललित यादव पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान चोरों ने डंडे से ललित यादव पर तब तक वार करते रहे जब तक वो बेहोश न हो गया। इस दौरान बीच बचाव करने जो भी आया उसे भी बेदम पीटा गया। बेदम पिटाई के बाद ललित यादव को मरा समझ चोर गिरोह के सदस्य मौके से फरार हो गए। ढाबा संचालक को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया।



# खाद की बिक्री पर लगा प्रतिबंध हटा, नमूना जांच में खाद की गुणवत्ता पाई गई सही

**सीतापुर।** कृषि एवं राजस्व विभाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान नकली खाद की आशंका के आधार पर सहकारी समिति भुषु में भंडारित खाद की बिक्री पर लगा प्रतिबंध हटा दिया गया है। नमूना जांच के आधार पर मानक अनुसार खाद की गुणवत्ता पाए जाने के बाद प्रतिबंध हटाया गया है। इस संबंध में उपसंचालक कृषि द्वार समिति में भंडारित खाद की बिक्री के आदेश जारी कर दिए गए हैं। विदित हो पखवाड़े भर पहले कृषि एवं राजस्व विभाग की टीम ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति भुषु का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को वहां बिना बैच एवं टैग के भारी मात्रा में खाद मिला था। समिति में नकली खाद बिक्री की आशंका पर जांच टीम ने 128.70 मीट्रिक टन यूरिया खाद की बिक्री पर रोक लगाते हुए सील कर दिया था। इस दौरान लैब में नमूना जांच के लिए अधिकारी सैंपल अपने साथ ले गए थे जिसकी गुणवत्ता की जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया था।

# वृद्धा की जली हुई मिली लाश, तहकीकात में जुटी पुलिस

**कोरबा।** एक 70 वर्षी वृद्ध महिला एसईसीएल के मकान में अकेले निवास करती थी, जिसकी जली हुई अवस्था में लाश उसके घर के पीछे मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम और फोरेंसिक एक्सपर्ट टीम मौके पर पहुंची, जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका के पुत्र के आने के बाद पुलिस द्वारा मामले में पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जाएगी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा कि महिला की मौत कैसे और किन परिस्थिति में हुई है।

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवारी बाजार पानी टंकी के एसईसीएल के मकान नंबर एम/29 में गीताश्री विश्वास उम्र लगभग 70 वर्ष] पति स्व.रविंद्रनाथ विश्वास अकेले निवास करती थी, जबकि उसका पुत्र बिलासपुर में निवास करता था बताया जाता है कि सोमवार को गीताश्री विश्वास को देखा गया था। जिसके बाद मंगलवार की दोपहर जली हुई अवस्था में देखी गई। लाश उसके घर के ठीक पीछे स्थित एसईसीएल के मकान नंबर 32 के ठीक पीछे मिली है। लाश मिलने की सूचना पर बांकीमोंगरा पुलिस व सीन ऑफ क्राईम मोबाइल यूनिट से वैज्ञानिक अधिकारी डॉ.सत्यजीत सिंह, कोसरीया वैज्ञानिक अधिकारी डॉ.जश्री सिंह, प्रधान आरक्षक हेमंत चौहान, आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटना स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने घटनास्थल एवं शव का बारीकी से निरीक्षण किया। मौत के कारणों का स्पष्ट कारण नहीं आने पर घटना स्थल से आवश्यक साक्ष्य एवं प्रदर्श संकलित कर एफएसएल जांच के लिए भेजने एवं पोस्टमॉर्टम कराने निर्देशित किया गया है।





# मंत्री लक्ष्मी के प्रयासों से सूरजपुर को मिली शैक्षणिक समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- 441 लाख की लागत से बनेगी सेंट्रल लाइब्रेरी

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के विशेष प्रयासों से सूरजपुर जिले के युवाओं को एक बड़ी सौगात मिली है।



राज्य शासन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में सूरजपुर में सेंट्रल लाइब्रेरी एवं रीडिंग ज़ोन के निर्माण हेतु 441.49 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। यह अत्याधुनिक सेंट्रल लाइब्रेरी 250 सीटों की क्षमता के साथ विकसित की जाएगी, जिसमें डिजिटल स्टडी मटेरियल, ई-लर्निंग संसाधन, शांत रीडिंग ज़ोन, इंटरनेट सुविधा और पुस्तकालय प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों का समावेश होगा। इसका लाभ स्कूली विद्यार्थियों से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं और साहित्य प्रेमियों तक को मिलेगा। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह लाइब्रेरी केवल भवन नहीं, बल्कि हमारे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की बुनियाद होगी। उन्होंने कहा कि यह पहल शैक्षणिक सशक्तिकरण, क्षेत्रीय संतुलन और अध्ययनशील वातावरण को मजबूती देने में मील का पत्थर साबित होगी।

## किशोरी ने अपने कमरे में लगाई फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** किशोरी ने अज्ञात कारण से अपने कमरे में फांसी लगा ली। परिजन उसे निजी अस्पताल से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। इधर मृतिका की मां ने पति व बेटे पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दर्रीपारा निवासी अनन्या कश्यप आ. काशीनाथ कश्यप (14 वर्ष) बीती रात लगभग 10 बजे किराना दुकान से सामान लेकर घर पहुंची और अज्ञात कारण से अपने कमरे में फांसी लगा ली। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे फांसी से उतार निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने किशोरी हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया।

